**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय**
**सामान्य प्रशासन शाखा**

.....

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की वर्ष, 2013 की पॉचवीं आपातकालीन बैठक की कार्यवाही जो दिनांक 14 अक्तूबर, 2013 को पूर्वाह्न 11—00 बजे आचार्य ए0डी0एन0 वाजपेयी, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई । बैठक में निम्नलिखित सम्माननीय सदस्य उपस्थित हुए :—

1— डॉ0 एस0एस0 कौशल
2— प्रो0 डी0सी0 गौतम
3— डॉ0 एस0सी0 शर्मा
4— श्री इन्द्रदत्त लखनपाल
5— डॉ0(श्रीमती) उमा वर्मा
6— प्रो0 सुरेश कुमार
7— श्री चन्द्र शेखर
8— चौ0 वरयाम सिंह बैन्स
9— श्री बम्बर ठाकुर
10— श्री हरीश जनारथा
11— डॉ0 के0पी0 ठाकुर
12— प्रो0 एम0एल0 झारटा
—कुलसचिव
सदस्य—सचिव

**मद संख्य—1 :** कुलपति महोदय का वक्तव्य ।

.......

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2013 की पांचवी आपातकालीन बैठक में मैं आप सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत् एवं अभिनन्दन् करता हूँ।

मैं कार्यकारिणी परिषद् के सम्मुख दिनांक 03.10.2013 को दो छात्र गुटों में हुए संघर्ष के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने उसमें संलिप्त सभी छात्रों के खिलाफ निलम्बन/निष्कासन की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में कानून व्यवस्था तथा शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए ज़िला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से भी सहयोग लिया है, जिसके लिए कार्यकारिणी परिषद् के माध्यम से मैं ज़िला प्रशासन और पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करता हूं।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाऐं आयोजित की गईः–

1. दिनांक 30.09.2013 को नई दिल्ली में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की वार्षिक बैठक, नई दिल्ली में आयोजित की गई तथा उसमें भाग लिया।

2. दिनांक 01.10.2013 को विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई।

3 दिनांक 02..10.2013 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 'सत्य–अहिंसा और सहिष्णुता' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

4 दिनांक 3–4 अक्तूबर, 2013 को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्टीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'जनसंचार और भारतीय जनमानसः संभावनाएं एवम् चुनौतियां' रखा गया था। इस संगोष्ठी में पी.टी.सी. न्यूज़ के श्री प्रभजोत सिंह, दैनिक अमर उजाला के सम्पादक श्री उदय कुमार और द ट्रिब्यून के सहायक सम्पादक श्री दिनेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

5 दिनांक 05.10.2013 को विश्वविद्यालय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा दो दिवसीय सांस्कृति कार्यक्रम ''उत्कर्ष'' आयोजित किया गया, जिसमें वैस्टन ग्रुप डांस प्रतियोगिता 'फुटलूज़', सांस्कृतिक ग्रुप डांस प्रतियोगिता 'धरोहर', ड्रामा प्रतियोगिता 'कर्टेन कॉल', गायन प्रतियोगिता 'साज़', फैशन शो 'रैम्पेज़', बैंड प्रतियोगिता 'सिम्फोनिया', वाद विवाद प्रतियोगिता के अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं।

6 दिनांक 05.10.2013 को ही अध्यापक कल्याण निधि से सम्बन्धित एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कई महत्वपुर्ण निर्णय लिए गए।

7 दिनांक 09.10.2013 को महिला अध्ययन एवं विकास केन्द, अमन काचरू ट्रस्ट व विश्वविद्यालय के रैगिंग विरोधी सैल और यौन विरोधी उत्पीड़न सैल द्वारा एक संयुक्त

अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं को रैगिंग सम्बन्धित कानून, महिला उत्पीड़न निवारक कानूनों की जानकारी प्रदान की गई।

8 दिनांक 09.10.2013 को शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के संगीत विभाग 'संगीतज्ञों से जुड़ी संस्था संगीत संकल्प' तथा छात्रों और शोधार्थियों के संगीत क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय सितार वादक पं. हरविन्दर शर्मा ने अपनी कई प्रस्तुतियां दीं। उनका साथ तबले पर युवा संगतकार डॉ. नीरज शांडिल ने दिया।

9 दिनांक 10.10.2013 को गैर–शिक्षक कल्याण निधि से सम्बन्धित एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें इस निधि से सम्बन्धित कई महत्वपुर्ण निर्णय लिए गए।

मैं सभी सम्माननीय सदस्यों से आज के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर उनकी राय व निर्णय की अपेक्षा रखता हूं।

अब मैं कुलसचिव से निवेदन करूंगा कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद् के सम्मुख चर्चा के लिए प्रस्तुत करें।

<u>मद संख्या–2:</u> कार्यकारिणी परिषद के समक्ष CWP No.2429 of 2013 शीर्षक "देस राज ठाकुर बनाम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय" व अन्य प्रकरणों में पारित आदेश की अनुपालना में शिक्षक व गैर–शिक्षक पदों हेतु चयन समिति की सिफारिशों पर पुनर्विचार करने बारे ।

......

कार्यकारिणी परिषद ने माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के दिनांक 25–9–2013 को CWP No.2429 of 2013 में दिये गये निर्णय पर गम्भीरतापूर्वक विचार–विमर्श किया तथा विश्वविद्यालय प्रशासन से यह अपेक्षा की है कि विज्ञापन संख्या 3/2011 के अनुसार कुल प्राप्त आवेदनों और पात्र अभ्यर्थियों की सूची तथा जिन अभ्यर्थियों को विभिन्न विषयों में साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था की सूची परिषद की अगली बैठक में प्रस्तुत की जाये ताकि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार इस बारे अन्तिम निर्णय लिया जा सके ।

परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि जिन पात्र अभ्यर्थियों ने दिनांक 25–11–2011 तक आवेदन कर रखा था तथा इनमें से जिन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाया गया था और जिन अभ्यर्थियों ने शुद्धिपत्र (Corrigendum) के तहत आवेदन किया था उनका पूर्ण ब्यौरा भी परिषद की अगली बैठक में रखा जाये ।

## अन्य मदें :–

**श्री बम्बर ठाकुर**

सम्माननीय सदस्य श्री बम्बर ठाकुर ने एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान (IIHS) के परियोजना/शोध अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नियमितीकरण के सम्बन्ध में उनकी अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशों का मामला उठाया जिस पर कार्यकारिणी परिषद ने बम्बर समिति की रिपोर्ट को सैद्धान्तिक रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान की तथा यह भी निर्णय लिया कि मामले को पिछली बैठक में लिये गये निर्णय (मद संख्या–16 दिनांक 28–9–2013) के अनुसार वांछित सारी औपचारिकताओं व विधिक पहलुओं के साथ अगली बैठक में परिषद के समक्ष रखा जाये ।

**श्री हरीश जनारथा**

सम्माननीय सदस्य श्री हरीश जनारथा ने पिछले दिनों विश्वविद्यालय परिसर में घटित हिंसक घटनाओं का मामला उठाया और इन घटनाओं पर गहरी चिन्ता व्यक्त की जिसका सम्माननीय सदस्यों सर्वश्री इन्द्रदत्त लखनपाल, बम्बर ठाकुर तथा चन्द्र शेखर ने भी समर्थन किया। कार्यकारिणी परिषद ने विस्तार से चर्चा के उपरान्त इन हिंसक घटनाओं का कड़ा संज्ञान लिया और सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाये ताकि परिसर में शैक्षणिक माहौल कायम हो सके ।

अन्त में बैठक पीठ को धन्यवाद् प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई ।

(आचार्य एम.एल. झारटा)
कुलसचिव
सदस्य–सचिव

पुष्टिकरण

हस्ता0/–

(आचार्य ए.डी.एन. बाजपेयी)
सभापति/कुलपति